# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – examcontroller@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 335 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2025–26 दिनांकः 25/09/2025

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय,सहारनपुर।

विषय :–वार्षिक तथा सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा हेतु आवेदन की तिथि विस्तारित करने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय के पत्र संख्या 302 / गोपनीय / एम0एस0यू0 / 2025–26 दिनांक 06.09.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वार्षिक तथा सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत परास्नातक व स्नातक स्तर पर जिन छात्र / छात्राओं की विभिन्न पाठ्यक्रमों के अन्तर्गत किसी भी सेमेस्टर / वर्ष की प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा किन्हीं कारणोंवश छूट गयी है, अर्थात् प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा में अनुपस्थित है, ऐसे परीक्षार्थियों की छूटी हुयी प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 1500रू के साथ दिनांक 12.09.2025 तक विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर छात्र / छात्राओं के आवेदन कराने हेतु पोर्टल खोलकर अवसर प्रदान किया गया था।

उक्त के सम्बन्ध में मा0 कुलपति जी के ओदश दिनांक 25.09.2025 के अनुपालन में छात्रहित के दृष्टिगत ऐसे छात्र जो छूटी हुयी प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा के आवेदन करने से वंचित रह गये है, उन सभी छात्र / छात्राओं को अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये दिनांक 25.09.2025 से 29.09.2025 तक प्रयोगात्मक / मौखिकी परीक्षा के आवेदन करने हेतु पोर्टल खोला जा रहा है।

अतः समस्त सम्बन्धित को निदेशित किया जाता है कि परीक्षार्थी द्वारा विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर निर्धारित शुल्क 1500रू जमा करने के उपरान्त महाविद्यालय छात्र का आवेदन सत्यापित (verify) करते हुये समस्त छात्रों के आवेदन की हॉर्डकॉपी NR सहित विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में दिनांक 30.09.2025 तक जमा कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,
25/09/2025
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ / आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. अधिकृत एजेंसी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सहायक कुलसचिव